पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
पश्चिमी क्षेत्र पारेषण प्रणाली – II
क्षेत्रीय मुख्यालय, वड़ोदरा
(मानव संसाधन विभाग)

प्रेस नोट

पावरग्रिड सी.एस.आर के सौजन्य से वडोदरा म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन को ट्रक माउंटेड वैक्यूम रोड स्वीपिंग मशीन प्रदान की गयी

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पश्चिमी क्षेत्र-II, सी.एस.आर के सौजन्य से आज दिनाँक 01.02.2021 को श्री धवल पंड्या, डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर, वडोदरा म्युनिसिपल कोर्पोरेशन (वीएमसी) को रु. 79.14 लाख रुपये की लागत से, 6.5 क्यूबिक मीटर क्षमता वाली ट्रक माउंटेड वैक्यूम रोड स्वीपिंग मशीन प्रदान की गयी। यह मशीन कार्यपालक निदेशक (प.क्षे.-II) श्री एस.डी. जोशी, के करकमलों द्वारा श्री धवल पंड्या, डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर को पावरग्रिड पश्चिमी क्षेत्र-II वडोदरा के क्षेत्रीय मुख्यालय परिसर में सुपुर्द की गई।

इस मशीन के उपयोग से शहर की लंबी सड़कों की सफाई, धूल, प्लास्टिक और सड़क के मलबे को साफ करने और शहर में प्रतिदिन उत्पन्न ठोस कचरे के प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी और आनेवाले वर्षों में स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत वडोदरा सिटी की रैंकिंग को बेहतर बनाने में कारगर साबित होगी |

इस पहल के साथ, पावरग्रिड स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ वडोदरा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाता है | श्री धवल पंड्या ने पावरग्रिड की इस प्रतिबद्धता की सराहना की और उक्त वैक्यूम रोड स्वीपिंग मशीन को पावरग्रिड परिसर से हरी झंडी दिखाकर संस्कारी नगरी वडोदरा की जनता की सेवा में समर्पित किया |

POWERGRID Provides a Truck mounted Road Sweeping Machine to VMC Vadodara

Power Grid Corporation of India Limited, Western Region- II, under Corporate Social Responsibility (CSR) initiative on 01.02.2021 handed over a Truck mounted vacuum Road Sweeping Machine of 6.5 CuM Capacity Mounted on Ashok Leyland Chassis costing Rs.79.14 Lakh to Vadodara Municipal Corporation. Shri S.D Joshi, Executive Director (WR-II), POWERGRID handed over the machine to Shri Dhaval Pandya, Deputy Municipal Commissioner, Vadodara Municipal Corporation (VMC). The ceremony was organized at Regional Headquarter of Power Grid Corporation of India Limited, Western Region- II at Vadodara.

This Truck mounted vacuum road Sweeping Machine is very effective in disposal of garbage on everyday basis by cleaning of lengthy roads efficiently, clearing of dust, plastics and road debris and effective management of solid waste generated daily in the city. This Road sweeping machine will ensure cleaned roads to the citizens and alleviate the ranking of Vadodara City in the subsequent years of Swachhta Sarveskhan.

With this initiative, POWERGRID, continues it’s efforts in cleanliness drive under Swachh Bharat Mission. Shri Dhaval Pandya has lauded POWERGRID for providing this Truck mounted Vacuum Road Sweeping Machine and dedicated the machine to Citizens of Vadodara city by flagging of the vehicle from the premises of POWERGRID.

दिनाँक : 01.02.2021

आपके प्रतिष्ठित दैनिक में प्रकाशन के लिए

जारी करता : जन संपर्क विभाग, पश्चिमी क्षेत्र-II, वडोदरा
केंद्रीय कार्यालय: नरेश कुमार, वरिष्ठ महाप्रबंधक (केंद्रीय संचार)
naresh@powergridindia.com

powergrid.pr@powergrid.co.in